A

709

समग्र शिक्षा केरल

ANNUAL EVALUATION 2022-23

वार्षिक मूल्यांकन

हिंदी

कक्षा 7 **समय : 2 घंटे**

सामान्य निर्देशः

- **पंद्रह मिनट का कूल ऑफ़ टाइम प्रश्न पत्र वाचन के लिए है।**
- **गतिविधि 1 का उत्तर लिखना अनिवार्य है।**
- **2 से 6 तक की गतिविधियों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखें।**

गतिविधि 1

सूचनाः खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

तिम्मक्का कर्नाटक में रहती हैं। इनके गाँव का नाम हुलिकल है। पिछले 80 सालों से तिम्मक्का सड़कों के किनारे पौधे लगा रहीं हैं। अब तक ये 8000 से ज़्यादा पौधे लगा चुकी हैं। तिम्मक्का और उनके पति मिलकर इनका ख़्याल रखते हैं। पौधे लगाने में प्रति तिम्मक्का की सहायता करते हैं।

क) तिम्मक्का कहाँ रहती हैं?

अ) तमिलनाडु में आ) केरल में

इ) कर्नाटक में ई) असम में

ख) तिम्मक्का के गाँव का नाम क्या है?

अ) हुलिकल आ) पालूर

इ) षोलयूर ई) उदिनूर

ग) तिम्मक्का पौधे कहाँ लगाती हैं?

अ) घरों के पास आ) स्कूलों के सामने

इ) सड़कों के किनारे ई) नदियों के किनारे

घ) अब तक तिम्मक्का कितने पौधे लगा चुकी हैं?

अ) 5000 से ज़्यादा आ) 6000 से ज़्यादा

इ) 8000 से ज़्यादा ई) 9000 से ज़्यादा

ङ) पौधे लगाने में कौन तिम्मक्का की सहायता करते हैं?

अ) पिता आ) पति

इ) बेटा ई) पोता

गतिविधि 2

सूचनाः 'गुलमोहर का जन्मदिन' कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> "माँ मैं अपने गुलमोहर की पाँचवीं वर्षगाँठ मनाऊँगी। मैं अपनी सहेलियों को दावत दूँगी।"

क) मीना किसका जन्मदिन मनाना चाहती है?

ख) गुलमोहर की वर्षगाँठ से संबंधित **पोस्टर** तैयार करें।

गतिविधि 3

सूचनाः 'राजा का दरवाज़ा' कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> राजा ने मंत्री से कहा, " मुझे एक ऐसा दरवाज़ा बनाकर दो जो सिर्फ़ मेरी ही आवाज़ से खुले।"

क) यहाँ राजा ने किस प्रकार का दरवाज़ा बनवाने को कहा?

ख) तालिका से उचित वाक्य चुनकर **वार्तालाप** की पूर्ति करें ।

राजा : मंत्री जी, मुझे एक दरवाज़ा बनवाना है।
मंत्री : ....
राजा : ....
मंत्री : ....
राजा : ....

मेरी आवाज़ से खुलनेवाला दरवाज़ा।
कैसा दरवाज़ा महाराज?
परसों शाम तक।
कब तक चाहिए महाराज?

गतिविधि 4

सूचना:‘मेरा जीवन’ कविता का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

उत्साह, उमंग निरंतर
रहते मेरे जीवन में।
उल्लास विजय का हँसता
मेरे मतवाले मन में।

क) ‘जीत’ के लिए कविता में प्रयुक्त शब्द कौन सा है?

ख) कवितांश का **आशय** लिखें।

गतिविधि 5

सूचना: खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

हरिवंशराय बच्चन हिंदी भाषा के कवि हैं। उनका जन्म 27 नवंबर 1907 को इलहाबाद में हुआ था। उन्होंने इलहाबाद विश्वविद्यालय से अंग्रेज़ी में स्नातकोत्तर और कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से पी एच. डी. की उपाधि प्राप्त की। मधुशाला, मधुबाला, निशानिमंत्रण आदि उनकी प्रमुख रचनाएँ हैं। भारत सरकार ने सन् 1976 में उन्हें पद्मभूषण की उपाधि से सम्मानित किया।

क) भारत सरकार ने हरिवंशराय बच्चन को किस उपाधि से सम्मानित किया?

ख) हरिवंशराय बच्चन की **प्रोफ़ाइल** तैयार करें।

नाम	: ....
जन्म	: ....
शिक्षा	: ....
प्रमुख रचनाएँ	: ....

गतिविधि 6

सूचनाः कविताशं पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

हाथी चिंघाड़ा
जंगल गूँज गया
चींटी चिल्लाई
किसीने ना सुना
हाथी ने फूंका
आँधी आ गई
चींटी ने फूँका
पत्ती तक न हिली

क) कवितांश के लिए एक **शीर्षक** दें।

ख) सही मिलान करें।

जंगल गूँज गया	हाथी ने फूँका
पत्ती तक न हिली	चींटी चिल्लाई
किसीने ना सुना	हाथी चिंघाड़ा
आँधी आ गई	चींटी ने फूँका

****